सत्यमेव जयते

राजस्थान राजपत्र विशेषांक	RAJASTHAN GAZETTE Extraordinary
साधिकार प्रकाशित	Published by Authority
ज्येष्ठ 19, गुरूवार, शाके 1944-जून 9, 2022 *Jyaistha 19, Thursday , Saka 1944- June 9, 2022*	

भाग-1(ख)

महत्वपूर्ण सरकारी आज्ञायें।

विधि एवं विधिक कार्य विभाग

अधिसूचना

जयपुर, जून 07, 2022

संख्या प.2(4)न्याय/2022 :-राजस्थान सार्वजनिक परीक्षा (भर्ती में अनुचित साधनों की रोकथाम के अध्युपाय) अधिनियम, 2022 (2022 का अधिनियम सं. 6) की धारा 17 के अन्तर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, राज्य सरकार, माननीय मुख्य न्यायाधिपति, राजस्थान उच्च न्यायालय के परामर्श से, जिला न्यायक्षेत्र मुख्यालयों पर स्थापित अपर जिला एवं सत्र न्यायालय (जहां मुख्यालय पर एक से अधिक अपर जिला एवं सत्र न्यायालय है, वहां अपर जिला एवं सत्र न्यायालय संख्या 1) को एवं विशिष्ठ न्यायालय, अनुसूचित जाति/जनजाति (अत्याचार निवारण प्रकरण) प्रतापगढ (जहां एक भी अपर जिला एवं सत्र न्यायालय स्थापित नहीं है) को उक्त अधिनियम के अधीन दण्डनीय अपराधों की सुनवाई हेतु संबंधित न्यायक्षेत्र की क्षेत्रीय सीमाओं में अधिकारिता वाले न्यायालय अभिहित/विनिर्दिष्ट (**designate**) करती है।

राज्यपाल के आदेश से,

प्रवीर भटनागर,
प्रमुख शासन सचिव।

राज्य केन्द्रीय मुद्रणालय,जयपुर।